राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल ने कोविड प्रोटोकॉल की सभी स्तरों पर पालना करने का किया आह्वान

पात्रता अनुसार टीकाकरण और प्रिकॉशन डोज लगवाने की अपील की

जयपुर, 17 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि निर्धारित पात्रता अनुसार प्रत्येक व्यक्ति कोविड टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने 15 से 18 आयु वर्ष के बच्चों को भी टीकाकरण करवाने का आह्वान किया है।

श्री मिश्र ने सोमवार को जारी अपने संदेश में कहा कि सभी वरिष्ठ नागरिक, स्वास्थ्य कर्मी एवं कोरोना योद्धा कोविड टीके की प्रिकॉशन डोज भी जरूर लगवाएं। उन्होंने टीकाकरण के साथ ही कोविड प्रोटोकॉल की भी सभी स्तरों पर पालना करने का आह्वान किया है।

राज्यपाल ने कहा कि सावधानी और सतर्कता जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अनावश्यक यात्रा करने और घर से बाहर निकलने से बचें। सरकार द्वारा जारी निर्देशों की पूरी पालना करें। मास्क जरूर लगाए रखें, दो गज की दूरी बनाएं और स्वच्छता नियमों की पूरी पालना करें। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव ही सबसे बड़ा उपाय है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदेशवासियों के खुशहाल एवं निरोगी जीवन की स्वस्तिकामना की है।

——